## खास खबरें

### भानपुर में सूने मकान से 45 हजार के जेवर चोरी

**नप्र, भोपालः** छोलामंदिर थाना क्षेत्र के अटल नेहरू नगर, भानपुर निवासी खलील खान (60) ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश करीब 45 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के सामने से गैस सिलेंडर चोरी

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के सेठी नगर निवासी दीपू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके घर के सामने रखा गैस सिलेंडर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी गए सिलेंडर की कीमत लगभग 1,800 रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मारुति वैन चोरी

ऐशबाग थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर स्थित हंसा अपार्टमेंट निवासी सैयद सरवर अली ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मारुति वैन (एमपी-04-बीसी-1874) अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने वाहन चोरी का मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### टीटी नगर में बाइक चालक पर केस

टीटी नगर थाना क्षेत्र की मद्रासी कॉलोनी में रघुनाथ सिंह राजपूत की शिकायत पर एमपी-04-क्यूजेड-8460 के चालक के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### पिपलानी चौराहे पर कार की टक्कर

पिपलानी चौराहे पर कृतिका कैथोरिया (34) ने शिकायत दर्ज कराई कि कार एमपी-04-जेडएन-4415 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मार दी। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गौतम नगर में ऑटो चालक पर मामला

जेपी नगर रोड पर उपेन्द्र तिवारी की शिकायत पर ऑटो एमपी-04-आरबी-6962 के चालक के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का केस दर्ज किया गया है।

### एमपी नगर में व्यक्ति की मौत

एमपी नगर के बोर्ड ऑफिस क्षेत्र में किशनलाल (54) निवासी बागमुगालिया की चक्कर आने के बाद तबीयत बिगड़ गई। उन्हें जेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### युवती लापता,गुमशुदगी दर्ज

अवधपुरी निवासी गुड्डी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री चंद्रा कुमार बिना बताए घर से कहीं चली गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### 18 वर्षीय युवती लापता

छोलामंदिर थाना क्षेत्र की विनीता पंथी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री आरती पंथी बिना बताए घर से चली गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दी।

# त्योहारों से पहले कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश, राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा और पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रूचिवर्धन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति, आगामी त्योहारों की तैयारियों तथा दोनों विभागों के बीच समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान, नशाग्रस्त व्यक्तियों के पुनर्वास, सीसीटीवी स्थापना, शस्त्र लाइसेंस, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। संभागायुक्त शर्मा ने प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय एवं टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि आगामी एक माह में विभिन्न त्योहारों को देखते हुए बाउंड ओवर सहित सभी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयां गंभीरता से की जाएं। उन्होंने प्रत्येक थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों के साथ समन्वय बढ़ाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयोजित राजस्व समीक्षा बैठक में आयुक्त शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि आमजन को राजस्व विभाग की सक्रिय एवं संवेदनशील कार्यशैली का स्पष्ट अनुभव होना चाहिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, प्रत्येक राजस्व प्रकरण का एक से दो दिन के भीतर पंजीयन करने तथा ब्लॉक एवं तहसीलवार समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# झील नगर में गांजा बेचने वाला तस्कर, गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत थाना अयोध्यानगर पुलिस ने गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए झील नगर क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 300 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपये है, बरामद किया गया।



पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर झील नगर झुग्गी बस्ती में दबिश दी गई, जहां से मोहन उर्फ बाला जाटव (38 वर्ष) निवासी झुग्गी नं. 172, झील नगर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भोपाल के इतवारा क्षेत्र से गांजा लाकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर झील नगर एवं आसपास की झुग्गी बस्तियों में बेचता था।

आरोपी के विरुद्ध थाना अयोध्यानगर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उसके नेटवर्क तथा गांजा खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, धमकी, आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न मामलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस आयुक्त संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस उपायुक्त जोन-2 विकास सहवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मिनी शुक्ला तथा एसीपी एम.पी. नगर दिव्या झारिया के निर्देशन में थाना प्रभारी महेश लिल्हारे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अयोध्यानगर पुलिस ने बताया कि 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत स्लम एरिया, झुग्गी बस्तियों और कॉलोनियों में लगातार दबिश देकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आमजन के बीच नशे के दुष्परिणामों को लेकर जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# रोटरी क्लब भोपाल शौर्य की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रोटरी क्लब ऑफ भोपाल शौर्य की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह टीटी नगर स्थित होटल सेंट्रल पार्क में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डीजीई मुकेश साहू की उपस्थिति में पीडीजी अनीस मलिक ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

डीजीई मुकेश साहू ने कहा कि इस वर्ष रोटरी विशेष बच्चों, डायलिसिस मरीजों एवं कुपोषण उन्मूलन को प्राथमिकता देते हुए सेवा कार्यों का विस्तार करेगा। विशिष्ट अतिथि डीजीएन सुखदेव सिंह घुम्मन ने कहा कि रोटरी विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है और इससे जुड़ना गर्व की बात है।

निवर्तमान अध्यक्ष निर्विकार यादव ने अपने कार्यकाल के सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी, जबकि नवनिर्वाचित अध्यक्ष कर्नल प्रियरंजन सिन्हा ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की। समारोह में पूर्व मंडलाध्यक्ष कर्नल महेंद्र मिश्रा, आलोक बिल्लौरे, जिनेंद्र जैन, सहायक मंडलाध्यक्ष रश्मि टोंग्या सहित भोपाल के विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'नशे से दूरी है जरूरी' जागरूकता रथ रवाना पुलिस कमिश्नर ने किया शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शहर में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



यह जागरूकता रथ शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों और विभिन्न कॉलोनियों में भ्रमण कर नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराएगा तथा नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करेगा। अभियान के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे नशे से दूरी बनाए रखें तथा शहर में मादक पदार्थों की बिक्री, सेवन या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस हेल्पलाइन पर दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में आमजन की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

### कोहेफ़िज़ा मे जानलेवा हमले करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा थाना क्षेत्र के खानूगांव में सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने वारदात के 65 दिन बाद पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने आरोपी अब्दुल्ला फारूकी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। मामले में अब भी तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। मोहम्मद यूसुफ (26) एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उसने शिकायत में बताया कि 12 मई की शाम उसे फोन कर झंडा चौक, खानूगांव बुलाया गया। वहां अब्दुल्ला फारूकी अपने साथियों समीर उर्फ बब्बा, नदीम उर्फ जिंसी और मुदस्सर उर्फ मम्मा के साथ पहले से मौजूद था।

# नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

## मानव तस्करी और देह व्यापार रैकेट का खुलासा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** थाना हनुमानगंज पुलिस ने नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के मुख्य सरगना समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मानव तस्करी एवं देह व्यापार के संगठित रैकेट का पर्दाफाश किया है। दोनों आरोपी करीब एक वर्ष से फरार थे और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहे थे।

पुलिस के अनुसार 24 जनवरी 2025 को एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट थाना हनुमानगंज में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और सैकड़ों मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया। जांच के दौरान एक नाबालिग बालिका को शिवपुरी जिले के बेड़िया डेरे से तथा दूसरी को गुना जिले की सपेरा बस्ती से सकुशल बरामद किया गया। विवेचना में सामने आया कि गिरोह के सदस्य नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर ले जाते थे और मानव देह व्यापार की नीयत से बेच देते थे। मामले में पहले विनोद प्रजापति, बप्पा नाथ उर्फ लाल नाथ सपेरा तथा रितिक सपेरा को गिरफ्तार किया जा चुका है।आगे की जांच में मुख्य सरगना हेमराज और रमेश नाथ की भूमिका सामने आई।

पुलिस ने दोनों को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। भोपाल पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और मानव तस्करी के नेटवर्क की भी जांच जारी है। पुलिस आयुक्त संजय कुमार के निर्देश पर महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई अभियान के तहत यह बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# आस्था, तप और साधना का 40 दिवसीय महापर्व चालीहा साहिब शुरू

## बहराणा साहिब प्रज्जवलित, अनेक स्थानों पर गूंजी पल्लव अरदास

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संतनगर में 40 दिनी कठोर व्रत साधना का सिंधी समाज का पर्व चालीहा साहिब महापर्व का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।



झूलेलाल चालीहा मंदिर समिति द्वारा चालीहा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और आस्था के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित राजकुमार शर्मा और पंडित हितेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में हवन संपन्न कराया। इसके बाद पल्लव अरदास कर भगवान झूलेलाल से समाज की सुख-समृद्धि की कामना की गई। भजन गायक चंद्रभान रीझवानी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चंदवानी, कन्हैयालाल इसरानी और पार्षद अशोक मारन उपस्थित रहे। अतिथियों ने पूज्य साबूमल रीझवानी द्वारा शुरू की गई इस पावन परंपरा को उनके परिवार द्वारा निरंतर जारी रखने की सराहना की।

**नेहरू पार्क स्थित झूलेलाल मंदिर में विशेष पूजनः** उपनगर के नेहरू पार्क स्थित झूलेलाल मंदिर में झूलेलाल कल्याण मंडल द्वारा चालीहा महोत्सव के पावन अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन और महाआरती का आयोजन किया गया। समाजसेवी नरेश ज्ञानचंदानी ने पूजा-अर्चना कर समाज व देश की सुख-समृद्धि की कामना की। थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैया ईसरानी ने श्रद्धापूर्वक दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ज्ञानचंदानी ने कहा कि चालीहा महोत्सव सिंधी समाज की अगाध आस्था और आध्यात्मिक साधना का अनुपम प्रतीक है। भगवान झूलेलाल की सच्चे मन से की गई उपासना से हर मनोकामना पूरी होती है और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है।

# चालीहा महापर्व : सिंधी समाज ने सुख-समृद्धि, शांति और सर्वकल्याण की कामना की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नानक टेकरी सिंधी पंचायत के तत्वावधान में कम्युनिटी हॉल स्थित भगवान श्री झूलेलालजी की प्रतिमा के समक्ष 40 दिवसीय पूज्य चालीहा साहिब का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। महापर्व के प्रथम दिवस पर भगवान श्री झूलेलाल जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं भव्य महाआरती हुई।

शुभारंभ मौके पर सांसद आलोक शर्मा एवं महापौर मालती राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राकेश कुकरेजा, पार्षद सरोज हरिओम आसेरी, भगवान दास ढालिया सहित सिंधी समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने झूलेलालजी की पूजा अर्चना की।

सांसद शर्मा ने कहा कि चालीहा साहिब महापर्व सिंधी समाज की अगाध आस्था, समृद्ध संस्कृति, सेवा और सामाजिक एकता का अनुपम प्रतीक है। यह पर्व श्रद्धा, तप एवं कड़े अनुशासन के माध्यम से समाज को नई आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

महापौर राय ने कहा कि भगवान श्री झूलेलाल जी का पूरा जीवन और उनके संदेश मानवता, सद्भाव, निस्वार्थ सेवा और आपसी भाईचारे पर आधारित हैं। ऐसे भव्य धार्मिक आयोजन हमारी सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं तथा समाज में संस्कारों व आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री झूलेलाल जी की भावपूर्ण आराधना की और भोपाल सहित प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि, शांति और सर्वकल्याण की मंगल कामना की। महाआरती के समापन के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### पुरानी रंजिश में चाकूसे हमला

**नप्र, भोपालः** पिपलानी थाना क्षेत्र में पीयूष कुमार पांडे (21) की शिकायत पर अमन शर्मा व साथियों के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज, चाकू से हमला करने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट और धमकी का केस

निशातपुरा थाना क्षेत्र में संगीता मेहरोलिया की शिकायत पर अजय मेहतर के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।


**कार्यालय संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल**
**भदभदा रोड, भोपाल-462003**
E-mail: fdvanvnp.bpl@mp.gov.in, Phone & Fax: 2674278
क्रमांक/भंडार/2221 भोपाल, दिनांक/9/7/26

**निविदा सूचना**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में वर्ष 2026-27 में वन्यप्राणियों के उपचार हेतु क्रय की जाने वाली आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सकीय सामग्री प्रदाय हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओ/स्टॉकिस्ट से निर्धारत प्रपत्र में ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज/प्रपत्र https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 500/-ऑनलाइन पोर्टल पर Credit Card/Debit Card/Internet Banking से भुगतान कर केवल ऑनलाइन क्रय किये जा सकेगें।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 15.07.2026 Time 02:00 PM
2. Bid Submission start date 15.07.2026 Time 04:00 PM
3. Pre-Bid Meeting date 24.07.2026 Time 02:00 PM
4. Bid Submission end date 04.08.2026 Time 04:00 PM
5. Bid Opening date 05.08.2026 Time 04:00 PM

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल
जी-15658/26


# नारायण श्याम की जयंती पर संगीत संध्या, विमोचन भी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** साहित्यिक संस्था 'सिन्धु' द्वारा सिंधी साहित्य के मूर्धन्य कवि नारायण श्याम की 105वीं जयंती बेहद अनूठे अंदाज में मनाई जा रही है। इस विशेष अवसर पर सुर और ताल की फुहारों से सजी एक भव्य संगीतमय-संध्या का आयोजन 22 जुलाई, बुधवार को स्थानीय संस्कार पब्लिक स्कूल, संतनगर में किया जाएगा।



कार्यक्रम में नागपुर (महाराष्ट्र) से सुप्रसिद्ध शिक्षाविद व साहित्यकार डॉ. विनोद आसूदाणी, दिलीप आसूदाणी, राजेश आसूदाणी एवं राम हबलाणी मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रख्यात लेखक भगवान बाबाणी के नवीन सिंधी कहानी संग्रह 'हीउ छा थी वियो...!' (यह क्या हो गया...!) का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम का सुचारू और प्रभावी संचालन सुश्री कविता चांडवाणी एवं डॉ. विनोद आसूदाणी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

कार्यक्रम में दिलीप लालवाणी, नारी लच्छवाणी एवं दिशा चांडवाणी, द्रौपदी चंदनाणी, मधू मोहनाणी और दीप्ति सिद्धवाणी, सुमन हरचंदाणी, रोशनी तनवाणी तथा तन्मय वासवाणी, परसो नाथाणी, सपना लच्छवाणी और रवि सताणी, प्रदीप आर्तवाणी, सत्या मूरजाणी एवं अनीशा चिमनाणी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**
**आम सूचना**

कीलनदेव टॉवर्स, शिवाजी नगर, बोर्ड ऑफिस के सामने, भोपाल (म.प्र.) में स्थित प्रकोष्ठ फ्लेट क्रमांक बी/205 द्वितीय तल, टाईप ई, ब्लाक-बी मण्डल द्वारा श्री संजय कटारिया आत्मज श्री एच. सी. कटारिया के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 06/05/2019 को पंजीकृत है। श्री संजय कटारिया आत्मज श्री एच. सी. कटारिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रोशिनी हजेला पत्नी श्री अतुल हजेला को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 05/06/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती रोशिनी हजेला पत्नी श्री अतुल हजेला के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**
968

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम TASNEEM था, जिसमें मेरा उपनाम (NAYAB) जोड़कर अब पूरा एवं सही नाम TASNEEM NAYAB पत्नी NAYAB UDDIN हो गया है, अब सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजों में मुझे TASNEEM NAYAB नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी एफ-36, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, सनराइज कॉलोनी, ईदगाह हिल्स भोपाल 462001 (मध्य प्रदेश)
969

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम AAMIR ALI था जो अब बदलकर AMIR ALI पुत्र YUSUF ALI हो गया है अब मुझे इसी नए नाम AMIR ALI से जाना व पहचाना जाए। निवासी- 61, 03 गनगौर वाली बावड़ी, काजी कैंप भोपाल 462001 (म.प्र.)
967

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**
**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, ई-7, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी./ए-243 मण्डल द्वारा श्री प्रताप नारायण शुक्ला आत्मज श्री गोपाल नारायण शुक्ला के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 20/10/1995 को पंजीकृत किया गया है। श्री प्रताप नारायण शुक्ला का स्वर्गवास 10/10/2022 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी व पुत्र एवं पुत्री (1) श्रीमती रमा शुक्ला पत्नी स्व. श्री प्रताप नारायण शुक्ला (2) श्री मनीष शुक्ला आत्मज स्व. श्री प्रताप नारायण शुक्ला (2) श्रीमती प्रियंका पाठक पत्नी श्री शिव कुमार पाठक, पुत्री स्व. श्री प्रताप नारायण शुक्ला द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**
966

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**
**आम सूचना**

कीलनदेव टॉवर्स, शिवाजी नगर, बोर्ड ऑफिस के सामने, भोपाल (म.प्र.) में स्थित प्रकोष्ठ फ्लेट क्रमांक- 501 (पंचम तल) टाईप ए. ब्लाक-ई मण्डल द्वारा (1) श्री संजीव कुमार जायसवाल आत्मज श्री देवी प्रसाद जायसवाल (2) श्रीमती प्रमिला जायसवाल पत्नी श्री देवी प्रसाद जायसवाल (3) श्रीमती भावना जायसवाल पत्नी श्री संजीव कुमार जायसवाल के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/03/2019 को पंजीकृत है। (1) श्री संजीव कुमार जायसवाल (2) श्रीमती प्रमिला जायसवाल (3) श्रीमती भावना जायसवाल द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री ज्ञान प्रकाश बित्थरिया आत्मज श्री हर किशोर बित्थरिया (2) श्रीमती सुधा बित्थरिया पत्नी श्री ज्ञान प्रकाश बित्थरिया को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 23/03/2023 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता /विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री ज्ञान प्रकाश बित्थरिया आत्मज श्री हर किशोर बित्थरिया (2) श्रीमती सुधा बित्थरिया पत्नी श्री ज्ञान प्रकाश बित्थरिया के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**
965

**आम सूचना**
**प्लाट क्रं. 221, पर निर्मित डुप्लेक्स क्र-06, खसरा नंबर-476/1/2 एवं 478/1/1/1 का अंश भाग जो भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल की नगर निगम विकास स्कीम राजाभोज ग्राम गोंदरमऊ, तह. हुजूर भोपाल के संबंध में**

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पक्षकार ने 1. श्री सैयद मोहम्मद खलीक पिता श्री पुत्र श्री बशीर मियां, आयु-वयस्क निवासी म.नं.-5/5, अहमदाबाद पैलेस रोड, नियर इम्पीरियल सेबरे होटल, कोहेफिजा, जिला भोपाल (म.प्र.) 2. श्री रफत रजा राही आत्मज श्री एम.एन. खान आयु-वयस्क निवासी म.नं. 156. नाईस अपार्टमेंट के सामने, न्यू कोहेफिजा, बड़वई, भोपाल (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत मुख्तार नामा जो कि उप-पंजीयक कार्यालय भोपाल-1 ई-पंजीकरण संख्या MP059692024A4349266 दिनांक 18/3/2024 के तहत दर्ज है के स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य का एक किता प्लाट क्र. 221, पर निर्मित डुप्लेक्स क्र-06, जो कि खसरा नंबर-476/1/2 एवं 478/1/1/1 का अंश भाग जो भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल की नगर निगम विकास स्कीम राजाभोज ग्राम गोंदरमऊ चरण क्रमांक-02, गोंदरमऊ, तह. हुजूर भोपाल में स्थित है डुप्लेक्स का साइज 90 वर्गमीटर को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि का भुगतान कर दिया है उक्त डुप्लेक्स पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अन्तरण से किसी कि कोई प्रभावित हो रहे हों तो इस आम/जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेंजो साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावें/आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगें। एवं अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त डुप्लेक्स का विकय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगें।

SUSHMA RAJAK, ADVOCATE
ADDRESS: OFFICE-H.NO. 63, MIG MAIN ROAD, AISHBAG, BHOPAL M.P.
RESIDANCE: SOURABH COLONY, GALI NO. 2, HOUSE NO. 19/2, CHANDBAD BHOPAL M.P. BHOPAL DISTRICT (COURT GATE NO. 05)
MOB-8889784891,9893948560
964

**न्यायालय-आशुतोष मिश्र प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय विदिशा म.प्र. पीठासीन अधिकारी आशुतोष मिश्र**

RCSHM 47/2024
किशनलाल...**आवेदक**
**विरूद्ध**.... प्रीतिबाई.. **अनावेदिका**

**प्रति,** प्रीतिबाई पत्नी श्री हीरालाल अठईया निवासी मकान नं 57 पीयूष नगर अवधपुरी भोपाल म.प्र. मो.न. 8827835039, 8602655767 आवेदक ने इस न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम के अंतर्गत यह प्रकरण RCSHM 47/2024 इस न्यायालय में पेश किया है, जिसमे आप दिनांक 23.07.2026 को नियत पेशी पर प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने हेतु उपसंजात होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिये जाते है, कि उसी दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे ओर प्रकरण से संबंधित ऐसे सभी दस्तावेज पेश करे जो आपके समर्थन साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई और उसका निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा नियत तिथि को अवकाश या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होते है तो प्रकरण में आगामी कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 16.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**आशुतोष मिश्र, प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय विदिशा म.प्र.**